पत्रिका

## डीके महिला सरकारी कॉलेज में साहित्यिक मंच का आयोजन

# 'बच्चों को भाषा और साहित्य के बारे में जानने की जरूरत'




**नेल्लोर@पत्रिका.** केंद्रीय साहित्य अकादमी के तत्वावधान में आंध्र प्रदेश लेखक संघ की नेल्लोर शाखा की ओर से डीके महिला सरकारी कॉलेज में साहित्यिक मंच का आयोजन किया गया।

डॉ. गिरि ने दीप पज्वलित कर साहित्यिक मंच की शुरुआत की। अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय कवि डॉ. गुरधा रामकृष्ण ने की। अरसाम नेल्लोर के जिला अध्यक्ष बाल साहित्यकार डॉ. गंगीशेट्टी शिवकुमार विशेष अतिथि थे। उन्होंने कहा कि बच्चों को भाषा और साहित्य के बारे में जानने की जरूरत है।

उन्होंने कहा यह बहुत खुशी की बात है कि साहित्य अकादमी ने ठोस इतिहास वाले तेलुगू लेखकों की पहली पीढ़ी की पुस्तकों पर परिसर में भाषण आयोजित कर छात्रों को प्रेरित किया।

इस कार्यक्रम में अरसाम राज्य कार्यसमिति के सदस्यों ने बताया कि साहित्य अकादमी हर दिन देश में कहीं न कहीं कोई न कोई कार्यक्रम आयोजित करती है। कार्यक्रम में छात्रों साहित्यकारों ने भाग लिया।

23/08/2023 | Chennai | Page : 5
Source : https://epaper.patrika.com/